राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
STATE ELECTION COMMISSION,
BIHAR

नगरपालिका निर्वाचन, 2026 अति आवश्यक

संख्या– प0नि0 30–113/2025 1985

प्रेषक,

मुकेश कुमार सिन्हा(भा.प्र.से.),
सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार, पटना।

सेवा में,

निदेशक,
पंचायती राज विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक–14.5.26

विषय :– मल्टी पोस्ट ई.वी.एम. के भंडारण हेतु वेयर हाउस के चयनोपरान्त आवश्यक उपकरणों, साज–सज्जा एवं मरम्मति आवश्यक निधि/आवंटन संबंधित जिलों को उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंगः– आयोग के पत्रांक–1804 दिनांक–05.05.2026 एवं आपका पत्रांक–7297 दिनांक–12.05.2026

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में कहना है कि मल्टी पोस्ट ई.वी.एम. के सुरक्षित भंडार हेतु चयनित वेयर हाउस के मरम्मति, साज–सज्जा एवं अन्य सुरक्षात्मक कार्य/सुविधाओं हेतु राशि का आंकलन जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत) –सह– जिला पदाधिकारी द्वारा किया जाना है। जिला से प्राप्त आंकलन के अनुसार मांगे गए आवंटन को संबंधित जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत) –सह– जिला पदाधिकारी को उपलब्ध कराया जाना है।

सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत) –सह– जिला पदाधिकारी को आयोग के पत्रांक–1804 दिनांक–05.05.2026 द्वारा मरम्मति, साज–सज्जा एवं आवश्यक उपकरणों के संयोजन के लिए आवश्यक राशि की अधियाचना पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को भेजने हेतु निदेश दिया गया है।

अतएव अनुरोध है कि जिला से प्राप्त अधियाचना के अनुसार संबंधित जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत) –सह– जिला पदाधिकारी को आवंटन उपलब्ध कराने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन

सचिव।

ज्ञापांक– प0नि0–30–113/2025 1985 पटना, दिनांक 14.5.26

प्रतिलिपि–सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत) –सह– जिला पदाधिकारी, बिहार/सभी नोडल पदाधिकारी–सह–जिला पंचायत राज पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि पंचायती राज विभाग, बिहार के पत्रांक–7297 दिनांक–12.05.2026 (पत्र के प्रति संलग्न) के संदर्भ में चयनित वेयर हाउस के मरम्मति, साज–सज्जा एवं आवश्यक उपकरणों के संयोजन हेतु आवश्यक राशि की अधियाचना पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को अबिलम्ब भेजने की कृपा की जाए।

अनु0–यथोक्त।

सचिव।

Sone Bhawan, 3rd Floor, Birchand Patel Marg, Patna – 800 001, Phone 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax: 0612-2507847| E-mail: secbihar

E:\dhiru\Prem sir letter.2.docx

पत्रांक–6प०/पं०नि०–06/2025/ 7297 /पं०रा०

बिहार सरकार
पंचायती राज विभाग

प्रेषक,

नवीन कुमार सिंह,
निदेशक

सेवा में,

सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 12/5/26

विषयः **मल्टी पोस्ट ई०वी०एम० के सुरक्षित भंडारण हेतु वेयर हाउस के चयनोपरांत आवश्यक उपकरणो/साज–सज्जा एवं मरम्मति हेतु आवश्यक निधि/आवंटन संबंधित जिलों को उपलब्ध कराने के संबंध में।**

प्रसंग : आपका पत्रांक 1804 दिनांक 05.05.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के माध्यम से आपके द्वारा राज्य में आगामी पंचायत चुनाव, 2026 के निमित मल्टी पोस्ट ई०वी०एम० के सुरक्षित भंडारण हेतु जिलों द्वारा चिन्हित वेयर हाउस के मरम्मति एवं अन्य सुरक्षात्मक कार्य/सुविधाओं हेतु संबंधित जिलों को आवंटन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।

2. उल्लेखनीय है कि प्रसंगाधीन पत्र के साथ संलग्न सूची में जिलों द्वारा चयनित वेयर हाउस के मरम्मति, साज–सज्जा एवं आवश्यक उपकरणों के संयोजन हेतु अपेक्षित/अधियाचित राशि का विवरण नहीं है।

3. अतएव अनुरोध है कि आगामी पंचायत चुनाव, 2026 के तहत जिलों द्वारा चयनित वेयर हाउस के मरम्मति एवं अन्य सुरक्षात्मक कार्य/सुविधाओं हेतु उपलब्ध कराये जानेवाली राशि का आकलन कर विस्तृत विवरणी के साथ अधियाचना विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा की जाये ताकि विभाग द्वारा ससमय राशि आवंटित कराये जाने की कार्रवाई पूर्ण की जा सके।

इसे कृपया आवश्यक समझा जाय और उच्च प्राथमिकता दी जाय।

विश्वासभाजन

(नवीन कुमार सिंह)
निदेशक

D:\DATA\My Office Work\anugrah, election, court\Nirwachan\Letter.docx 12

कृ०पृ०उ०

ज्ञापांकः—6प०/पं०नि०—06/2025/7297/ दिनांक— 12-05-26
प्रतिलिपि :— सभी जिला पदाधिकारी—सह—जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पं0), बिहार /सभी जिला पंचायत राज पदाधिकारी को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नवीन कुमार सिंह)
निदेशक

D:\DATA\My Office Work\anugrah, election, court\Nirwachan\Letter.docx 13